11. ‘महाभोज’ उपन्यास में विद्यमान मूल्यहीनता का विश्लेषण कीजिए।

12. पुरस्कार कहानी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

13. उपन्यास के तत्वों के आधार पर ‘निर्मला’ उपन्यास का विवेचन कीजिए।

HD–02

December – Examination 2022

B.A. (Part I) Examination

HINDI SAHITYA

हिन्दी गद्य भाग-II (कथा साहित्य)

Paper : HD-02

*Time : **3** Hours*] [*Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र ‘अ’, ‘ब’ और ‘स’ तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) ‘पूस की रात’ कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

   (ii) रिटायर्ड होने से पहले गजाधर बाबू ने क्या सोचा था ?

(iii) 'आशा अमरधन' कहानी का मूल उद्देश्य बताइए।

(iv) कहानी में पात्र एवं चरित्र का क्या महत्व होता है ?

(v) सुनीता किस कहानी का पात्र है ?

(vi) पुरस्कार कहानी की मूल संवेदना बताइए।

(vii) 'चीफ की दावत' कहानी में चीफ ने किस वस्तु की माँग रखी ?

खण्ड—ब **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. 'उसने कहा था' कहानी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

3. उपन्यास व कहानी के प्रमुख अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''वह अनायास भाव से पति के साथ रह रही है और कभी उनकी राह के बीच में आने की नहीं सोचती। वह एक बात जान चुकी कि उसके पति ने अगर आराम छोड़ दिया है, घर का

काम छोड़ दिया, उखड़े-उखड़े, मारे-मारे जो फिरते हों, इसमें वे कुछ भला ही सोचते होंगे। इसी बात को पकड़कर वह आपत्ति-शून्य भाव से पति के साथ विपदा पर विपदा उठाती रही है। पति ने कहा भी है कि तुम मेरे साथ क्यों दु:ख उठाती हो, पर सुनकर वह चुप रह गयी।''

5. 'पूस की रात' कहानी के वातावरण-परिवेश पर प्रकाश डालिए।

6. ''वह भयभीत थी, पहला भय उसे अरुण के लिए उत्पन्न हुआ। यदि वह सफल न हुआ तो। फिर सहसा सोचने लगी—वह क्यों सफल हो ? श्रावस्ती दुर्ग एक विदेशी के अधिकार में क्यों चला जाए ? मगध का चिरशत्रु ओह, उसकी विजय।''

7. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की संवाद-योजना पर प्रकाश डालिए।

8. 'पत्नी' कहानी की मूल संवेदना लिखिए।

9. प्रेमचन्द युगीन उपन्यासों की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. कहानी के उद्गम एवं विकास को समझाइये।